राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

सरदारशहर। मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय , उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान मानित विश्वविद्यालय, गांधी विद्या मंदिर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने नीम, बरगद कचनार, पीपल एवं स्थानीय पौधों का रोपण किया गया एवं पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत पौधों के रखरखाव का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर संकाय के अधिष्ठाता डॉ.अविनाश पारीक, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार, समन्वयक हिमांशु ग्रोवर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धर्मराज पंवार आदि ने वृक्षारोपण में सहयोग किया।

लेफ्टिनेंट जनरल सगतसिंह पार्क में पौधरोपण कर देखरेख का लिया जिम्मा

सरदारशहर . पौधारोपण करते एनएसएस के स्वयंसेवक।

रतनगढ़. गांव कुसुमदेसर में पद्म विभूषण लेटिनेंट जनरल सगत सिंह सार्वजनिक पार्क व रामाश्रम सत्संग मथुरा केंद्र सुंदरगढ़ स्टेट हाईवे (डाबेली जोहड़) में नीम व पीपल के पौधे लगाकर बड़े होने तक सेवा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वृक्ष मित्र गुलाराम पूनिया, देवकीनंदन शास्त्री, बजरंग सिंह, नथमल, नेमीचंद फ्रांसा, बजरंगलाल, परमेश्वर दुगोलिया, मैणासर सरपंच रामकृष्ण, छत्तूसिंह राठौड़, उप सरपंच शेराराम भींचर, प्रकाश नट, मुन्नी मेघवाल, रुकमा नंद भींचर ने पौधरोपण किया।

सरदारशहर. मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय, उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान (मानित विश्वविद्यालय), गांधी विद्या मंदिर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में शनिवार को पौधारोपण किया। इस अवसर पर संकाय के अधिष्ठाता डा.अविनाश पारीक, भूगोल विभागाध्यक्ष डा.सुनील कुमार, समन्वयक हिमांशु ग्रोवर, कार्यक्रम अधिकारी डा.धर्मराज पंवार आदि ने पौधारोपण किया।

बीदासर. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150वें जयंती वर्ष एवं स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ आजादी के अमृत महोत्सव, सत्याग्रह सप्ताह के तहत शनिवार को एसडीएम कार्यालय में पालिका सहायक अभियंता हंसराज, प्रभारी डा. सरदारसिंह रेवाड़, व्या याता बाबूलाल, प्रधानाध्यापक मेघराज गुसाईवाल, स्काउट सचिव प्रकाश, स्काउट कोषाध्यक्ष विमल कुमार शर्मा, संयोजक गांधी सेवा समिति हंसराज छापोला ने राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। गांधी के जीवन संबंधी घटनाओं पर आधारित फिल्म दिखाई गई। इस मौके पर कार्यालय परिसर में श्रमदान कर पौधे लगाए।

मारपीट का आरोप

सादुलपुर. सरियों से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वार्ड नं 6 सादुलपुर निवासी आमीन मणियार ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि सुबह 9.30 बजे लगभग उसका ताऊ अपनी बैठक में बैठा था,